भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2329
13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आंध्र प्रदेश में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

†2329. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डीः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आन्ध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले के लिए 6 नए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संस्वीकृत किए गए हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन्हें किन-किन स्थानों पर स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है;
(ग) उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रदान की जाने वाली नियमित सुविधाओं के अलावा प्रस्तावित नई और आधुनिक सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;
(घ) उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में से प्रत्येक की अनुमानित लागत कितनी है; और
(ङ) उक्त नए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के कब तक कार्यशील हो जाने की संभावना है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ङ): 'जन स्वास्थ्य' और 'अस्पताल' राज्य के विषय हैं, इसलिए देश के सभी नागरिकों को मूलभूत स्वास्थ्य परिचर्या सेवाएँ प्रदान करने का प्राथमिक उत्तरदायित्व संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार का है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) आंध्र प्रदेश सहित देश में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य परिचर्या की उपलब्धता, वहनीयता और पहुंच में सुधार के लिए स्वास्थ्य सुविधाकेंद्रों में स्वास्थ्य अवसंरचना में सुधार, पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता के लिए सहायता प्रदान करता है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं के रूप में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर, जन स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। भारत सरकार मानदंडों और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार कार्यवाही अभिलेख के रूप में प्रस्तावों को अनुमोदित करती है। आंध्र प्रदेश सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जारी किए गए कार्यवाही अभिलेख का विवरण निम्नलिखित वेब लिंक पर उपलब्ध है:

https://nhm.gov.in/index1.php?lang=1&level=1&sublinkid=1377&lid=744

आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, आंध्र प्रदेश में एसपीएसआर नेल्लोर जिले में 6 नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) स्वीकृत किए गए हैं। प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्थान और अनुमानित लागत का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	मंडल का नाम	प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नाम	अनुमानित लागत लाख रुपये में
1	अनंतसागरम	प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेवुरु/बोम्मावरम	270.00
2	बोगोले	प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जुव्वालादिने	193.00
3	गुडलुरु	प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चेवुरु	193.00
4	मर्रिपाडु	प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कृष्णापुरम	193.00
5	मुथुकुर	प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र थल्लापुडी	193.00
6	वोलेटीवारिपलेम	प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पोकुरु	193.00
कुल राशि			**1235.00**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) अनेक प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं, जिनमें बहिरंग रोगी सेवाएं, आपातकालीन परिचर्या, प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य एवं पोषण (आरएमएनसीएएच+एन) सेवाएं, प्रतिरक्षण, जांच, संक्रामक और गैर-संक्रामक रोगों की रोकथाम और प्रबंधन, अनिवार्य औषधि और नैदानिक उपलब्धता तथा परिचर्या की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए परिवहन संपर्क के साथ रोगियों को उच्च सुविधाकेंद्रों में रेफरल और आगे की कार्रवाई की सुविधा प्रदान करना शामिल है।

******